# नए सीबीआई डायरेक्टर पर हाई लेवल बैठक

- राहुल गांधी और सीजेआई संजीव खन्ना भी मीटिंग में शामिल
- पीएम मोदी, राहुल गांधी और सीजेआई ने की चर्चा





**नई दिल्ली, 12 मई. देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई के नए डायरेक्टर की नियुक्ति को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शामिल हुए. कहा जा रहा है कि नए सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति को लेकर राहुल गांधी सहमत नहीं थे.**

बैठक में नए सीबीआई प्रमुख के चयन को लेकर चर्चा की गई. मौजूदा सीबीआई डायरेक्टर प्रवीण सूद 25 मई 2026 को रिटायर होने जा रहे हैं.वे कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और 25 मई 2023 को उन्होंने सीबीआई चीफ का पद संभाला था. सीबीआई डायरेक्टर का कार्यकाल दो वर्ष का निर्धारित होता है. प्रवीण सूद हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के रहने वाले हैं. उनके पिता ओम प्रकाश सूद दिल्ली सरकार में क्लर्क थे, जबकि उनकी मां कमलेश सूद सरकारी स्कूल में शिक्षिका थीं. उनकी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के सरकारी स्कूलों में हुई. बाद में उन्होंने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया.

सिर्फ 22 वर्ष की उम्र में वे आईपीएस अधिकारी बने और उन्हें कर्नाटक कैडर मिला. सेवा के दौरान उन्होंने आईआईएम बेंगलुरु से पब्लिक पॉलिसी और मैनेजमेंट में एमबीए भी किया. अपने करियर में उन्होंने बेल्लारी और रायचूर में एसपी तथा बेंगलुरु और मैसूरु में डीसीपी के रूप में सेवाएं दीं. उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रवीण सूद को कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं. वर्ष 1996 में उन्हें मुख्यमंत्री गोल्ड मेडल मिला था.

> जून 2020 में उन्हें कर्नाटक का डीजीपी बनाया गया था. सीबीआई डायरेक्टर के चयन की प्रक्रिया कानून के तहत तय होती है. चयन समिति में प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं. समिति द्वारा नाम फाइनल किए जाने के बाद गृह मंत्रालय की सिफारिश पर डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग नियुक्ति आदेश जारी करता है. सुप्रीम कोर्ट के 2019 के निर्देशों के अनुसार, ऐसे वरिष्ठ अधिकारियों को सीबीआई डायरेक्टर पद के लिए नहीं चुना जा सकता जिनकी सेवानिवृत्ति में छह महीने से कम समय बचा हो. साथ ही सीबीआई प्रमुख का कार्यकाल कम से कम दो वर्ष का होना अनिवार्य है.


## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**नीस 12 मई.** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुयी गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थों से जुड़ी थी।दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया, गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी प्लेस डेस अमैरिलिस में हुई. यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है. उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया और अमैरिलिस इलाके में एक पुलिस चौकी स्थापित करने का सुझाव दिया.

# मानक स्थापित कर रहा एम्स- राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, 12 मई.उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण ही नहीं बल्कि उन्हें स्थापित कर रहा है. श्री राधाकृष्णन ने आज यहां एम्स के 51वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स अब केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुसरण ही नहीं कर रहा, बल्कि उन्हें स्थापित कर रहा है.**

उन्होंने चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में एम्स की भूमिका की सराहना की.उन्होंने कहा कि एम्स देश में चिकित्सा नवाचार और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बन चुका है. उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान से लेकर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं तक, एम्स ब्रांड भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक बन गया है.उन्होंने जोर दिया कि अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के बावजूद एम्स आम लोगों के लिए किफायती बना



हुआ है.उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और एम्स के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने भारी संख्या में मरीजों के उपचार के साथ-साथ अकादमिक गुणवत्ता को भी बनाए रखा है. एम्स ने दशकों से ऐसे चिकित्सक तैयार किए हैं जो चिकित्सा उत्कृष्टता के साथ नैतिकता और संवेदनशीलता का भी परिचय देते हैं.उन्होंने इस वर्ष अंटार्कटिका में एम्स द्वारा किए गए रिमोट रोबोटिक अल्ट्रासाउंड का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे साबित हुआ है कि भारतीय चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए भौगोलिक सीमाएं अब बाधा नहीं रहीं.उन्होंने इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआई इन हेल्थ सहित संस्थान के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सहयोगों की भी सराहना की.उन्होंने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एम्स ने केवल दो वर्षों में 40 स्थानों की छलांग लगाकर वैश्विक स्तर पर 105वां स्थान हासिल किया है.साथ ही, एनआईआरएफ मेडिकल श्रेणी में 2018 से 2025 तक लगातार शीर्ष स्थान बनाए रखना संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण है.

उन्होंने बताया कि एम्स के 57 शिक्षक और शोधकर्ता स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं.संस्थान की उत्कृष्टता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसके संकाय सदस्यों को अब तक दो पद्म विभूषण, 15 पद्म भूषण और 51 पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं.उन्होंने कहा कि वे ऐसे समय में चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं जब वन नेशन, वन हेल्थ की परिकल्पना भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक समावेशी और भविष्य के लिए तैयार बना रही है. उन्होंने युवाओं से करुणा, नवाचार और जनविश्वास को आगे बढ़ाने का आह्वान किया.

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन 12 मई. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों , जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है. यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने श्री स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की.**

सोमवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में श्री स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए.सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति बरकरार



रखने लायक नहीं रह गई है।इसी बीच,एक रिपोर्ट ने बताया कि ब्रिटेन सरकार के तीन सदस्यों ने प्रधानमंत्री श्री स्टारमर के इस्तीफे की मांग करते हुए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है. सूत्रों के मुताबिक, इन इस्तीफों का ऐलान पर्यावरण मंत्री के संसदीय निजी सचिव टॉम रटलैंड, स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव जो मॉरिस और कैबिनेट कार्यालय की सहयोगी नौशबा खान ने किया

# बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

- छात्रों से बोले केजरीवाल अब सड़कों पर उतरना पड़ेगा
- नीट पेपर लीक पर भड़के दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, 12 मई. नीट यूजी - 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद देशभर में छात्रों के बीच बढ़ते गुस्से के बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक होना इस बात का संकेत है कि पूरे सिस्टम में बड़े स्तर पर मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण मौजूद है.**



मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब नीट का पेपर लीक हुआ हो. उनके अनुसार अब तक चार बार इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो लोग एक राष्ट्रीय परीक्षा तक निष्पक्ष तरीके से आयोजित नहीं करा सकते, वे देश कैसे चला सकते हैं. केजरीवाल ने कहा कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. उन्होंने छात्रों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि छात्र सड़कों पर उतरें और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं. उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल जनआंदोलन की भाषा समझती है और वह छात्रों के साथ खड़े हैं. इधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट -यूजी - 2026 परीक्षा रद्द करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है. यह परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी. परीक्षा के बाद पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद राजस्थान एसओजी और केंद्रीय एजेंसियों ने जांच शुरू की थी.

## आज का इतिहास

1638 - शाहजहां ने दिल्ली में लाल किले का निर्माण शुरू करवाया.

1857 - ब्रिटिश चिकित्सक तथा नोबेल पुरस्कार विजेता रोनाल्ड रॉस का जन्म.

1901 - स्वतंत्रता सेनानी मथुरा प्रसाद मिश्र वैद्य का जन्म.

1918 - भारत ने राजस्थान के पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किये.

1952 - स्वतंत्र भारत का पहला संसद सत्र शुरू हुआ. राज्यसभा की पहली बैठक भी इसी दिन हुई.

1995 - चेल्सी स्मिथ मिस यूनिवर्स 1995 बनीं.

# केरल के नए सीएम को लेकर कांग्रेस में घमासान

- वेणुगोपाल, सतीशन और चेन्निथेला रेस में आगे
- केरल सीएम चयन पर कांग्रेस में खींचतान तेज

**नई दिल्ली, 12 मई. केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ( यूडीएफ ) को दो-तिहाई से अधिक बहुमत मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री के चेहरे पर सस्पेंस बरकरार है.**

चुनाव परिणाम आने के एक सप्ताह बाद भी पार्टी इस महत्वपूर्ण निर्णय पर सहमति नहीं बना पाई है. मुख्यमंत्री पद की दौड़ में तीन प्रमुख चेहरे सबसे आगे हैं— कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, विपक्ष के पूर्व नेता वीडी सतीशन और केरल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रमेश चेन्निथेला। इन तीनों नेताओं के बीच अंदरूनी समर्थन और राजनीतिक समीकरणों की जंग जारी है।सूत्रों के अनुसार, केसी वेणुगोपाल को राहुल गांधी और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का समर्थन प्राप्त है। इसके बावजूद राज्य में उनकी उम्मीदवारी को लेकर पूरी सहमति नहीं बन पाई है.

# विजय ने अपने ज्योतिषी को बनाया ओसीडी

- शपथ का समय बदलने वाले वेट्रिवेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी
- तमिलनाडु सीएम विजय का बड़ा फैसला, ज्योतिषी को पद

**चेन्नई, 12 मई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने अपने निजी ज्योतिषी और आध्यात्मिक गुरु राधन पंडित वेट्रिवेल को सरकार में विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त कर राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है. वेट्रिवेल लंबे समय से विजय के करीबी माने जाते हैं और उनके राजनीतिक सफर में महत्वपूर्ण सलाहकार की भूमिका निभाते रहे हैं.**

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री



विजय के कई बड़े फैसलों में वेट्रिवेल की सलाह अहम रही है. हाल ही में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का समय भी उनकी सलाह पर बदला गया था। पहले यह कार्यक्रम 10 मई को दोपहर 3-45 बजे निर्धारित था, लेकिन बाद में इसे बदलकर सुबह 10 बजे कर दिया गया. इस फैसले के पीछे ज्योतिषीय सलाह को कारण बताया गया था.राधन पंडित वेट्रिवेल तमिलनाडु के चर्चित आध्यात्मिक गुरु माने जाते हैं. उन्होंने चुनाव से पहले ही विजय की जीत की भविष्यवाणी की थी. विजय के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता समेत कई बड़े राजनीतिक नेता भी उनके अनुयायी बताए जाते हैं. टीवीके की जीत के बाद सबसे पहले विजय को बधाई देने वालों में भी वेट्रिवेल शामिल थे.इधर, तमिलनाडु विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट से पहले विजय सरकार को बड़ा राजनीतिक समर्थन मिला है. एआईएमके के 30 बागी विधायकों ने टीवीके सरकार को समर्थन देने का ऐलान किया है. इसके अलावा एएमएमके के एक विधायक ने भी विजय सरकार के पक्ष में आने की घोषणा की है. पहले से ही कांग्रेस,सीपीआई,

# गोयल ने मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत की समीक्षा की

**नई दिल्ली, 12 मई. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और चिली के बीच**



**मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ताओं के बीच वहां के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज़ मैककेना के साथ मंगलवार को बैठक में बातचीत की प्रगति की समीक्षा की. चिली के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ नाश्ते पर हुई.**

बैठक के बारे में श्री गोयल ने कहा कि हमने भारत-चिली व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) की वार्ता की प्रगति की समीक्षा की और अपने व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की.श्री गोयल ने कहा कि भारत चिली के साथ अपनी सौहार्दपूर्ण और दीर्घकालिक साझेदारी को महत्व देता है और हम साझा विकास एवं समृद्धि के लिए अपने आर्थिक सहयोग तथा जन-संबंधों को विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।भारत और चिली ने 2006 में व्यापार समझौता (पीटीए) किया था.

## केरल के कोच्चि एवं लक्षद्वीप के बीच सीप्लेन सेवा का बुधवार से परीक्षण

**कोच्चि, 12 मई.** कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएल) क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बेहतर बनाने और द्वीपों पर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए केरल के कोच्चि और लक्षद्वीप के विभिन्न द्वीपों के बीच सीप्लेन सेवा का परीक्षण शुरू करने जा रहा है।सीप्लेन का यह परीक्षण बुधवार से शुरू होने वाला है। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य द्वीपों के लिए नियमित सीप्लेन सेवाएं शुरू करने की संभावनाओं और परिचालन व्यवहार्यता की जांच करना है.

## 13 मई-कई राज्यों में बारिश-आंधी का अलर्ट

**नई दिल्ली, 12 मई.** भारतीय मौसम विभाग ने 13 मई, बुधवार के लिए देश के कई राज्यों में मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी जारी की है. विभाग के अनुसार उत्तर भारत से लेकर मध्य और पश्चिम भारत तक कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है.उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में आंशिक से घने बादल छाए रहने की संभावना है।

# भारत-पाक रिश्ते और संवाद जारी रहना चाहिए

**नई दिल्ली. 12 मई. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को एक इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संबंधों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत के रास्ते पूरी तरह बंद नहीं होने चाहिए.**

इंटरव्यू में होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच वीजा व्यवस्था, खेलकूद और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संपर्क जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जनता से जनता के रिश्तों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने में मदद कर



सकता है।होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध बहुत पुराने हैं। उनका मानना है कि भले ही राजनीतिक और सैन्य स्तर पर भरोसे की कमी हो, लेकिन नागरिक स्तर पर संवाद बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को इस दिशा में आगे आना चाहिए।इंटरव्यू में उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष पर भी टिप्पणी की और कहा कि वहां का विवाद मुख्य रूप से संसाधनों और भू-राजनीतिक हितों से जुड़ा है, न कि सभ्यताओं के टकराव से। उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध अक्सर लालच और शक्ति की मानसिकता के कारण होते हैं. होसबाले ने भारतीय संस्कृति और पहचान पर बात करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र शब्द को वे सांस्कृतिक पहचान के रूप में देखते हैं, न कि किसी धार्मिक राज्य के रूप में। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की राष्ट्रीयता एक है और धर्म परिवर्तन से किसी की राष्ट्रीय पहचान नहीं बदलती।

## बलिया में फर्जी पासपोर्ट केस में बांग्लादेशी को जेल

**बलिया,** 12 मई .उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में फर्जी भारतीय दस्तावेज और पासपोर्ट के जरिए अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिक अब्दुल अमीन को अदालत ने दोषी ठहराते हुए तीन साल की जेल की सजा सुनाई. अदालत ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला तब सामने आया जब आतंकवाद निरोधी दस्ते की वाराणसी यूनिट ने 14 मार्च 2023 को बलिया शहर के गड़वार मोड़ के पास अब्दुल अमीन और म्यांमार के मंडू अराकान निवासी मोहम्मद अरमान उर्फ अबू तल्हा को गिरफ्तार किया.

# बंगाल के फैसले से बांग्लादेश बॉर्डर पर हलचल

- बिना बाड़ वाले इलाकों में कांटेदार तार लगाने का आदेश

कोलकाता/ढाका, 12 मई. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पहले कैबिनेट फैसले ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हलचल मचा दी है. सोमवार को हुई नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि बिना बाड़ वाले इलाकों में कांटेदार तार लगाने के लिए बीएसएफ को 45 दिनों में जमीन सौंप दी जाए. यह कदम विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा के संकल्प पत्र और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चुनावी वादों का पालन है.इस फैसले के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक और सुरक्षा स्तर पर प्रतिक्रिया तेज हो गई. प्रधानमंत्री तारिक रहमान के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायुं कबीर ने कहा कि बंगाल सरकार चुनावी भाषणों को प्रशासनिक निर्णयों में बदलकर दिखाए.भारत-बांग्लादेश संबंधों को मानवीय दृष्टिकोण से देखना चाहिए.

# भर्ती घोटाले में टीएमसी नेता गिरफ्तार

- पूर्व राज्य मंत्री सुजीत बोस को 10 दिन की हिरासत
- ममता के करीबी पर ईडी का शिकंजा

**कोलकाता, 12 मई.पश्चिम बंगाल की राजनीति में नगरपालिका भर्ती घोटाले को लेकर बड़ा मोड़ आ गया है. प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री सुजीत बोस को 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई विशेष अदालत के आदेश के बाद की गई, जिसने ईडी की मांग को स्वीकार किया.**

ईडी ने सुजीत बोस पर आरोप लगाया है कि दक्षिण दमदम नगरपालिका में भर्ती प्रक्रिया के दौरान गंभीर अनियमितताएं हुईं, जिसमें प्रभावशाली पदों पर भर्ती के लिए रिश्वत और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया गया। एजेंसी का कहना है कि जांच के दौरान मिले दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों से यह संकेत मिलता है कि घोटाले में उच्च स्तर पर मिलीभगत हो सकती है।सुजीत बोस को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद मंगलवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिन की श्ष्ठ कस्टडी में भेजने का आदेश दिया गया.

### सीबीआई को चंद्रनाथ हत्याकांड की जांच

कोलकाता, 12 मई. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो करेगी। बंगाल सरकार की सिफारिश के बाद यह मामला आधिकारिक रूप से बंगाल पुलिस से सीबीआई को हस्तांतरित किया जा रहा है.

सूत्रों के अनुसार, इस हाईप्रोफाइल हत्याकांड की जांच के लिए डीआईजी रैंक के अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित की गई है।चंद्रनाथ रथ की हाल ही में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.


**MADHYA PRADESH JAL NIGAM**
(A Govt of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal-462004, Web. : mpjalnigam.mp.gov.in
E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in, CIN-U41000MP2012SGC028798

Har Ghar Jal Jal Jeevan Mission

NIT No. 01/Proc./MPJN/2026-27 Bhopal, Dated : 11.05.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites online Tender for Replacement of Existing pipeline with DI pipeline by Providing, Laying, Jointing & testing commissioning of DI Pipes between Chittora Pump House and Barthuma Pump House of MES, and Depositing Old Pipes at Stores of MES through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Retrofitting works | District | PAC (Rs.) | EMD (Rs.) | Document Fee (Rs.) | Category of Contractor | Duration (months) Including Rainy Season |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender for Replacement of Existing pipeline with DI pipeline by Providing, Laying, Jointing & testing commissioning of DI Pipes between Chittora Pump House and Barthuma Pump House of MES, and Depositing Old Pipes at Stores of MES. | Sagar | 8,81,68,268 | 8,81,682 | 20,000 | Contractor registered under new centralized registration system in M.P. Govt. and firms of repute fulfilling the eligibility criteria | 6 Months |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **14.05.2026, 17:30 Hrs**. Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
M.P. Government E-Procurement Portal- **https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/125727/2026 **MANAGING DIRECTOR**



**आदित्य अनघा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर**
Reg. No. MSCS/CR/398/2011

**निवडणूक सूचना (Notice of Election)**

ज्याअर्थी मल्टीस्टेट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटीज अ‍ॅक्ट २००२ कलम ४५ तसेच मल्टीस्टेट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटीज कलम २००२ चे नियम १९(१) अन्वये, आदित्य-अनघा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपुर Reg. No. MSCS/CR/398/2011 यांचे दि. ०९.०४.२०२६ चे पत्रान्वये माझी निवडणूक निर्णय अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे. म्हणून मी, कुमार आर्शिवाद, निवडणूक निर्णय अधिकारी, आदित्य-अनघा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर तथा जिल्हाधिकारी, नागपुर उपरोक्त संस्थेतील सदस्यांना कळवित आहे की, संस्थांच्या पोटनियम क्रमांक ३९ मध्ये नमूद तरतूदीनुसार (सर्वसाधारण ८. महिला २ व अ.जा./अ.न.१. अशा ११) संचालक समिती सदस्यांची पंचवार्षिक निवडणूक गुप्त मतदान पद्धतीने घेण्याकरीता खालील प्रमाणे निवडणूक कार्यक्रम प्रसिद्ध करीत आहे.

**संचालक मंडळासाठी निवडणूक कार्यक्रम सन २०२६-२०२७**

**Election program for seeking name of Representative/Delegate**

| Election program to Delegate | Date |
|---|---|
| Handing over names of societies by CEO to RO | 11th May 2026 (Monday) |
| Publication of List of Members by RO | 12th May 2026 (Tuesday) |
| Sending of letters to Societies requesting to send names of delegates by RO | On or before 15th May, 2026 (Friday) |
| Last date of receiving of resolution of delegates from members societies by RO | 05th June, 2026 (Friday) |

**Election Programme for Board of Directors**

| Sr. No. | Particulers | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Publication of Provisional List of Members delegates eligible to Vote | 08th June, 2026 (Monday) | By Evening |
| 2 | Time Window for Raising Objection to the Provisional List | 09th June, 2026 to 12th June 2026 (Tuesday to Friday) | 11:00 AM to 3:00 PM |
| 3 | Scrutiny of objection 3 received 10 Scrutiny of objection the Provisional List (if any) | 15th June, 2026 to 17th June 2026 Monday to Wednesday) | 11:00 AM to 3:00 PM |
| 4 | Publication of Final List of Members eligible to Vote | 17th June. 2026 (Wednesday) | By Evening |
| 5 | Issue and Filing of Nomination Form | 22nd to 25th June, 2026 (Monday to Thursday) | 11:00 AM to 3:00 PM |
| 6 | Publication of List of Nominations Received | 25th June, 2026 (Thursday) | By Evening |
| 7 | Scrutiny of Received Nomination Forms | 27th June, 2026 (Saturday) | Till the Scrutiny is complete |
| 8 | Publication of List of Valid Nominations | 27th June, 2026(Saturday) | After Scrutiny |
| 9 | Withdrawal of Nominations | 29th June, 2026 (Monday) | 11:00 AM to 3:00 PM |
| 10 | Publication of Final List 10 of Contesting Candidates | 29th June, 2026 (Monday) | By Evening |
| 11 | Date of Polling, if Necessary | 05th July, 2026 (Sunday) | 8:00 AM to 04:00 PM and all those who have entered polling station at 04 PM or before should be allowed to cast vote |
| 12 | Counting of votes | 07th July, 2026 (Tuesday) | 08:00 AM Onwards |
| 13 | Submission of Form 19M with recommendation for secking approval of CEA before declaration of result of BOD | 07th July, 2026 (Tuesday) | |
| 14 | Declaration of Result of Board of Directors | 14th July, 2026 (Tuesday) | |

**सुचना:-** 1) मतदार यादी रु. ५०००/- जमा केल्यावर मिळू शकेल, 2) नामनिर्देशन पत्र दाखल करताना त्यासोबत उमेदवारांना अमानत रक्कम रु. ३०००/-जमा करावी लागेल. 3) मल्टीस्टेट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी अ‍ॅक्ट 2002 कलम 43 तथा रुल्स 2002 तसेच संस्थेच्या उपविधी क्रमांक ३९ अन्वये उमेदवार अपात्र नसावा. 4) अनुसूचित जाती तथा अनुसूचित जमाती प्रवर्गाकरीता नामनिर्देशन पत्र सादर करतांना त्यांच्या जाती जमातीचे सक्षम अधिका-याने निर्गमित केलेले जात वैधता/जाती प्रमाणपत्राची सत्यप्रत नामनिर्देशन पत्रासोबत जोडणे अनिवार्य राहील. 5) नामनिर्देशन पत्र स्वतः उमेदवार किंवा त्यांचे सूचक जमा करु शकतात. 6) नामनिर्देशन पत्रावर मतदार यादी मध्ये ज्यांचे नाव समाविष्ट आहेत अशा मतदारांपैकी एक सूचक आणि एक अनुमोदक यांचे नाव आणि त्यांची सही असणे अनिवार्य आहे. 7) मतदानाला येतांना संस्थेच्या सभासदांनी ओळखपत्र जसे मा. निवडणूक आयोगाने निर्गमित केलेले फोटो असलेले ओळखपत्र, पॅनकार्ड, आधारकार्ड, ड्रायव्हींग लायसन्स, संस्थेने निर्गमित केलेले फोटो असलेले ओळखपत्र ई. पैकी एक ओळखपत्र सोबत आणावे लागेल. अन्यथा मतदानात भाग घेता येणार नाही. 8) निवडणूक कार्यक्रमामध्ये तांत्रीक अडचणीमुळे फेरबदल करण्याचे अधिकार निवडणूक निर्णय अधिकारी यांचेकडे राहतील. 9) निवडणूक निर्णय अधिकारी यांच्या अनुपस्थितीत सहायक निवडणूक निर्णय अधिकारी निवडणुकीचे कामकाज पार पाडतील १०) निवडणूक लढविणाऱ्या उमेदवाराने रु.१००/- च्या स्टॅम्प पेपर वर नामनिर्देशन पत्रासोबत Affadavit cum Declaration सादर करावे. ११) निवडणूकीची सर्व कार्यवाही, मुख्य शाखा, आदित्य-अनघा मल्टीस्टेट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी, Plot No. ३७९, गणेश नगर, आजमशहा लेआऊट, नागपूर ४४०००९ येथील निवडणूक निर्णय अधिकारी यांचे स्थापन केलेल्या कार्यालयातुन करण्यात येईल. तरी संस्थेच्या सर्व सभासदांनी उपरोक्त कार्यक्रमाची कृपया नोंद घ्यावी व निवडणूक कार्यक्रम सुरळीत पार पाडण्यास सहकार्य करावे.

ठिकाण - नागपूर
दिनांक - १३/०५/२०२६

(कुमार आशिर्वाद)
निवडणूक निर्णय अधिकारी
आदित्य-अनघा मल्टी-स्टेट क्रेडीट को-ऑपरेटीव्ह सोसायटी लिमिटेड, नागपूर
Reg. No. MSCS/CR/398/2011 तथा जिल्हाधिकारी, नागपूर

nikitamedia.in